प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी आज गोड्डा और रांची में करेंगी चुनावी सभा, असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा और शिवराज सिंह चौहान भाजपा की चुनावी रैली में होंगे शामिल।

2- ईडी ने ग्रामीण विकास विभाग में कमीशनखोरी का ब्योरा अदालत को सौंपा, कोड वर्ड से मिलता था मंत्री आलमगीर आलम सहित अन्य आरोपियों को हिस्सा।

3- राजधानी रांची के मोरहाबादी इलाके में बर्ड फ्लू की पुष्टि, 10 किलोमीटर की परिधि में मुर्गा और अंडे की खरीद बिक्री पर लगी रोक।

4- राज्य में अगले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में नहीं होगा बड़ा बदलाव, आज से गरज के साथ होगी बारिश, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।।

5- आईपीएल क्रिकेट के पहले क्वालीफायर मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर फाइनल में किया प्रवेश।

*******************

राज्य में अंतिम दो चरणों के मतदान को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज झारखंड दौरे पर रहेंगी। इस दौरान प्रियंका गांधी गोड्डा और रांची में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। इसे लेकर पार्टी की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की ओर से असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्व सरमा आज धनबाद और दुमका लोकसभा क्षेत्र में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज धनबाद के झरिया में भाजपा की चुनावी सभा, गोड्डा जिले के मोहनपुर चौक से बसुआ चौक तक रोड–शो और रांची के मोरहाबादी में युवा सम्मेलन में शामिल होंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या आज रांची में बाइक रैली में शामिल होंगे। इसके बाद जमशेदपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

*******************

छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा नेता धरम लाल कौशिक ने कहा है कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। श्री कौशिक कल जमशेदपुर के साकची स्थित भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से विद्युत वरण महतो जीत की हैट्रिक लगाएंगे।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कल जमशेदपुर के कई इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से 25 मई को भाजपा प्रत्याशी विधुतवरण महतो के पक्ष में वोट करने की अपील की।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने कहा है कि वोट के दौरान मतदान कक्ष में फोटो लेना या वीडियों बनाना अपराध है। वोटिंग कम्पार्टमेंट का भी फोटो खिंचना प्रतिबंधित है। श्रीकुमार कल रांची में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पांचवें चरण के मतदान के दौरान हजारीबाग के एक मतदान कक्ष में मोबाइल से एक व्यक्ति द्वारा फोटो और वीडियो लेने का मामला संज्ञान में आया है। उस व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय –ईडी ने राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में कमीशनखोरी का ब्योरा कल पीएमएलए कोर्ट को सौंपा है। इसमें मंत्री आलमगीर आलम सहित अन्य आरोपियों को कोड वर्ड में कमीशन की हिस्सेदारी की राशि दिए जाने का जिक्र है। बता दें कि इस मामले में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद कल अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया है।

*******************

उच्चतम न्यायालय में कल जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इस मामले में अगली सुनवाई आज होगी । बता दें कि हेमंत सोरेन ने लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी और गठबंधन का प्रचार करने के लिए जमानत मांगी है। इससे पहले उनकी जमानत याचिका झारखंड उच्च न्यायालय से खारिज हो चुकी थी जिसे उन्होंने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

*******************

राजधानी रांची के मोरहाबादी इलाके में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद 10 किलोमीटर की परिधि में मुर्गा और अंडे की खरीद बिक्री पर रोक लगा दी गई है। बता दें कि आईसीएआर–एनआइएचएसएडी भोपाल में रांची के मोरहाबादी स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम के कुक्कुटों के नमूनों में एच फाइव एन वन एवियन इन्फ्लूएंजा –बर्ड फ्लू की पृष्टि हुई है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने इस इलाके में एहतियात को लेकर जरूरी दिशानिर्देश जारी किया है।

*******************

राजधानी रांची सहित राज्य भर में अगले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। रांची मौसम केन्द्र के अनुसार आज से अगले दो दिनों तक गरज के साथ बारिश होगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

*******************

लोहरदगा जिले मे आम की बागवानी से किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं।

*******************

आईपीएल क्रिकेट में, कोलकाता नाइट राइडर्स ने कल शाम अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद–एसआरएच को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एलिमिनेटर खेला जाएगा। एलिमिनेटर का विजेता शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगा। आईपीएल का फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।

*******************

- सरायकेला–खरसावां जिले में मतदान की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने कल शाम विभिन्न कोषांगों के वरीय और नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने कोषांगों द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया।
- सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने गम्हरिया आदर्श नगर निवासी सिक्योरिटी गार्ड बृज बिहारी सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
- राजमहल संसदीय क्षेत्र से 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग कराई गई जिसमें साहिबगंज जिले के 71 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य के अधिकांश अखबारों ने ईडी और चुनावी रैली की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– कोड वर्ड में कई नामों का जिक्र, ईडी को अब किसी मनीष की है तलाश।

हिन्दुस्तान लिखता है– कोर्ड वर्ड से मिलता था मंत्री को हिस्सा।

दैनिक जागरण की सुर्खी है बानवे करोड़ रुपये के 25 टेंडर में मंत्री आलमगीर को मिले एक करोड़ 23 लाख रुपये।

दैनिक भास्कर ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की चुनावी सभा को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

रांची एक्सप्रेस ने एमपी–एमएलए कोर्ट से राहुल गांधी के खिलाफ समन की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने उच्चतम न्यायालय में हेमन्त सोरेन की याचिका पर सुनवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अंग्रजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बिहार में चुनावी रैली की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

******************